Your attention is invited to the Section 13(8) of Securitisation and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002 read with proviso to rule 8(6) of the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002, in respect of the time available (i.e. 30 days), to redeem the secured assets. Kindly note that your right under section 13(8) will cease from the date of publication of notice for public auction or inviting quotations or tender from public or private treaty for transfer by way of lease, assignment or sale of the secured asset.

Details of Sale Notice for Sale of Immovable Property are as under:-

E-Auction Sale Notice for sale of immovable assets under the Securitization and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002 read with proviso to Rule 8(6) of the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002.

E Auction Date &Time : 30.12.2026, 11 am to 1 pm
Date of Inspection : 28.12.2026, 11 am to 4 pm
Last Date of BID Submission : 29.12.2026, Upto 4 PM

Name of Borrower & Guarantors	**Borrower:** Sh Om Prakash S/o Sh Rajaram **Guarantors:** Smt Manoti Devi W/o Sh Om Prakash Sh Mukesh S/o Sh Om Prakash
Demand Notice date & Amount Account Details	08.10.2018 for Rs. 16,64,272.50 + future interest and costs from 01.10.2018
Total O/s as on 31.10.2026	**Rs. 37,06,673.42 (Dr)**

Details of Properties	**MRP (in Lakh)**
Residential Property i.e. Residential Flat at Ground Floor, Plot No C-21 (without Rooftop Rights), covered area 600 Sq Ft or 55.73 Sq Mtrs, Ganga Vihar, Village Sadullabad, Loni, Tehsil & Distt Ghaziabad, Uttar Pradesh – 201102	Rs. 13.26 Lakh

Authorized Officer, Punjab & Sind Bank

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank

.....भरोसे का प्रतीक (A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING) ...the name you can BANK upon!

Asset Recovery Management Branch (ARMB),
Bulandshahr (D. No. 821200)
PNB House, Yamunapuram, Bulandshahr - 203001 | Email: CS8212@pnb.bank.in

SALE NOTICE FOR SALE OF IMMOVABLE PROPERTIES

E-Auction Sale Notice for Sale of Immovable Assets under the Securitisation and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002 read with Rule 8(6) and Rule 9(1) of the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002.

Notice is hereby given to the public in general and in particular to the Borrower(s), Guarantor(s) and Mortgagor(s) that the below described immovable property(ies) mortgaged/charged to the Secured Creditor, the symbolic/physical possession of which has been taken by the Authorized Officer of the Bank/Secured Creditor, will be sold on "As is where is", "As is what is" and "Whatever there is" basis on the date as mentioned in the table herein below, for recovery of dues due to the Bank/Secured Creditor from the respective borrower(s), guarantor(s) and mortgagor(s). **The Reserve Price and Earnest Money Deposit will be as mentioned in the table below against the respective properties.**

SCHEDULE OF THE SECURED ASSETS

Lot. No.	Name of the Branch / Name of the Account / Name & addresses of the Borrower/ Mortgagers/Guarantors Account	Description of the Immovable Properties	A) Dt. Of Demand Notice u/s 13(2) of SARFAESI Act 2002 / B) Outstanding Amount as per demand notice. / C) Possession Date u/s 13(4) of SARFAESI Act 2002 / D) Nature of Possession Symbolic/Physical/Constructive	A) Reserve Price / B) EMD (Last Date & Time) / C) Bid Increase Amount / D) Baanknet Property ID:	Date/ Time of E-Auction	Details of the encumbrances known to the secured creditors
1.	Branch: **ARMB Bulandshahr (D. No. 821200)** Name of the Account: **M/s Anand Sales** **M/s Anand Sales through its Proprietor Sh. Vishwanand Sharma** Registered Address: Shop No.57, Mandi House Bulandshahar, Uttar Pradesh- 203001 Admin Office: Anand Kuti, Chanakya Puri, Raje Babu Road, Bulandshahr, U.P. – 203001 Mob.823952001 Sh. Vishwanand Sharma S/o Sh. Parmanand Sharma (Mortgagor/Guarantor/Proprietor) Address: Anand Kuti, Chanakya Puri, Lalla Babu Chauraha, Bulandshahr, Uttar Pradesh – 203001 Sh. Gaur Kishor Khetan S/o Sh. Nathi Mal Khetan (Mortgagor/Guarantor) Address: 358, Deputy Ganj Bulandshahr, Uttar Pradesh – 203001 Late Smt. Parul Sharma W/o Sh. Vishwananda Sharma (Mortgagor/Guarantor) (through her legal heir Sh. Vishwananda Sharma) Address: Anand Kuti, Chanakyapuri, Railway Road, Bulandshahr, Uttar Pradesh – 203001 Smt. Shobhna Sharma W/o Sh. Vijay Prakash (Mortgagor/Guarantor) Address: H. No. 775, Anand Industries, Radha Nagar, Bulandshahr, Uttar Pradesh – 203001	Residential Plot & Building thereon bearing No.2657 situated at Sector-57, Urban Estate, Gurgaon Tehsil & District Gurgaon, Haryana, total area measuring 265.84 Sq. Mtrs. in the name of Sh. Gaur Kishore Khetan S/o Sh. Nathi Mal Khetan. Vide Registered Sale Deed dated 19.08.2015 executed by Smt. Raj Mohini Jain W/o Sh. Padam Chand Jain in favour of Sh. Gaur Kishore Khetan, registered in Book No. 1, Jild No. 13126, Page 43, Serial No. 12186 dated 19.08.2015, Sub-Registrar Gurgaon. Boundaries as per Sale Deed: East Plot No. 2656 - 25.71 Mtrs., West Plot No. 2658 - 25.71 Mtrs. North House of Other - 10.34 Mtr., South Main Road - 10.34 Mtrs. **Date of Sale Notice: 21.11.2026**	A) 02.02.2026 B) Rs. 5,00,08,467.31 (Rupees Five Crore Eight Thousand Four Hundred Sixty-Seven and Thirty-One Paise Only) as on 25.01.2026 plus further interest and other charges C) 04.05.2026 D) Symbolic Possession	A) Rs. 772.00 Lakh B) Rs. 77.20 Lakh (28.12.2026 up to 04:00 PM) C) Rs. 1.00 Lakh D) PUNBANANDSALES1	**29.12.2026 From 11:00 A.M. to 04:00 P.M.**	Not Known to us.
		Residential House situated at Bye-Pass Road, Mohalla Radha Nagar, Bulandshahr, total area measuring 209.00 Sq. Mtrs., in the name of Smt. Shobhna Sharma W/o Sh. Vijay Prakash. Boundaries as per Sale Deed: East: House of Harish Chandra West: House of Daroga Ji North: 14 ft wide Road South: 18 ft wide Road **Date of Sale Notice: 23.11.2026**	A) 02.02.2026 B) Rs. 5,00,08,467.31 (Rupees Five Crore Eight Thousand Four Hundred Sixty-Seven and Thirty-One Paise Only) as on 25.01.2026 plus further interest and other charges C) 04.05.2026 D) Symbolic Possession	A) Rs. 95.61 Lakh B) Rs. 9.561 Lakh (28.12.2026 up to 04:00 PM) C) Rs. 1.00 Lakh D) PUNBANANDSALES2	**29.12.2026 From 11:00 A.M. to 04:00 P.M.**	Not Known to us.

TERMS AND CONDITIONS : 1. The properties are being sold on **"AS IS WHERE IS", "AS IS WHAT IS"** and **"WHATEVER THERE IS"** basis. **2.** The particulars of Secured Assets specified in the Schedule hereinabove have been stated to the best of the information of the Authorised Officer, but the Authorised Officer shall not be answerable for any error, misstatement or omission in this proclamation. **3.** The sale shall be subject to the Terms & Conditions prescribed in the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002 and to the following further conditions. The auction sale will be online through e-auction portal **https://Baanknet.com. 4.** The Sale Notice containing the General Terms and Conditions of Sale is available / published in the following websites: (1) **https://Baanknet.com** (2) **www.pnb.bank.in. 5.** The intending bidders/purchasers are required to register on **https://Baanknet.com,** complete e-KYC, deposit EMD in e-wallet and link wallet amount to the concerned property well before the auction date and time. Bidders not depositing the required EMD shall not be allowed to participate in e-auction. **6.** The successful bidder shall deposit 25% of the bid amount, after adjusting EMD, on the same day or not later than next working day and the balance 75% within 15 days from the date of auction, failing which the amount deposited shall be forfeited and the property may be re-auctioned. **7.** All statutory dues/attendant charges/registration charges/stamp duty/taxes/TDS and other dues shall be borne by the purchaser. The Authorised Officer reserves the right to accept/reject any bid or postpone/cancel/adjourn the auction without assigning any reason.

STATUTORY SALE NOTICE UNDER RULE 8(6) OF THE SARFAESI ACT, 2002

DATE: 25.11.2026, PLACE: BULANDSHAHR **Sd/-, Authorized Officer, Punjab National Bank**

खबर कोना

तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर, मोटरसाइकिल सवार की मौत

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 26 नवंबर।

उत्तर दिल्ली के शास्त्री नगर इलाके में एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, ट्रक ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दो पहिया सवार के सिर में गंभीर चोटें आईं और व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई है। पुलिस ने बताया कि उत्तर प्रदेश में पंजीकरण संख्या वाली मोटरसाइकिल पर कुछ सामान भी लदा हुआ था। सराय रोहिल्ला थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार, मोटरसाइकिल को टक्कर मारने के बाद ट्रक चालक ने कथित तौर पर भागने की कोशिश की, लेकिन उसका वाहन पुलिस बैरिकेड से टकरा गया, जिसके बाद उसे पकड़ लिया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस दुर्घटना के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

बच्ची से बलात्कार के आरोप में बढ़ई को गिरफ्तार किया

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 26 नवंबर।

उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के संगम पार्क इलाके के एक पार्क में एक बच्ची के उत्पीड़न की कोशिश करने के आरोप में 40 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि यह घटना मंगलवार को भारत नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इस्माइल खान वाला बाग पार्क में हुई। बढ़ई का काम करने वाले आरोपी को स्थानीय लोगों ने लड़की की चीखें सुनने के बाद पकड़ लिया। कई स्थानीय लोगों नो उस व्यक्ति को पकड़ लिया, जो कथित तौर पर उस समय शराब के नशे में था। पीड़ित 10 साल की बच्ची को पहले थाने ले जाया गया और फिर दीप चंद बंधु अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी चिकित्सा जांच कराई गई। आरोपी के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पाक्सो) अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया है।

दक्षिण-पूर्वी दिल्ली में व्यक्ति का शव बंद कमरे में मिला

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 26 नवंबर।

दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के पुल प्रल्हादपुर इलाके में एक व्यक्ति गुरुवार को एक मकान के बंद कमरे में मृत मिला। पुलिस ने बताया कि वह पिछले दो दिनों से कमरे से बाहर नहीं निकला था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है, ताकि मौत के कारणों का पता लगाया जा सके। पुलिस मृतक के परिजनों से संपर्क करने प्रयास कर रही है। अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में उसकी हत्या किए जाने का संकेत नहीं मिला है। दूसरी ओर, पुरानी दिल्ली में चांदनी चौक स्थित शाही फतेहपुरी मस्जिद के बाहर कुछ लड़कों के बीच हुए झगड़े के दौरान गोलीबारी में एक शख्स जख्मी हो गया है। यह वारदात बुधवार देर रात की है। वहां कुछ लड़को में झगड़ा हुआ था, जिस दौरान एक गोली चली जो एक व्यक्ति के पैर में लगी और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

दिल्ली शराब घोटाला मामले में सीबीआइ ने हाई कोर्ट में दी दलील

केजरीवाल, सिसोदिया को आरोपमुक्त करने के निचली अदालत के आदेश में स्पष्ट त्रुटियां

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 26 नवंबर।

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) ने गुरुवार को दिल्ली हाई कोर्ट में दलील दी कि दिल्ली शराब घोटाला मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं, अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और अन्य को आरोपमुक्त करने के निचली अदालत के आदेश में स्पष्ट त्रुटियां थीं और इसमें महत्त्वपूर्ण साक्ष्यों की अनदेखी की गई।

जांच एजंसी ने निचली अदालत के 27 फरवरी के संबंधित आदेश को रद्द करने का अनुरोध करते हुए कहा कि यह ऐसा मामला नहीं था जिसे शुरुआती चरण में ही खारिज कर दिया जाना चाहिए था। सीबीआइ के वकील ने न्यायमूर्ति सचिन दत्ता के समक्ष दलील दी कि निचली अदालत के फैसले में कई गंभीर खामियां



याचिका में कहा गया है कि निचली अदालत ने आरोप तय करने के चरण में ही मामले की पूरी सुनवाई की और अभियोजन पक्ष के मामले को चुनिंदा तरीके से पढ़कर आरोपमुक्त करने का आदेश पारित किया।

थीं और इस आदेश को रद्द किया जाना चाहिए। अतिरिक्त सालिसिटर जनरल एसवी राजू ने दलील दी कि निचली अदालत के न्यायाधीश ने अपने अधिकारों की सीमा का अतिक्रमण किया।

आरोप तय करने के चरण में उसे मामले की पूरी सुनवाई (मिनी ट्रायल) नहीं करनी थी। उन्होंने ऐसा किया, जो अनुमेय नहीं था। उन्होंने कहा कि निचली अदालत का आदेश स्पष्ट रूप से अवैध और तर्कहीन था तथा उसमें ऐसी त्रुटियां थीं जो पहली नजर में ही दिखाई देती हैं। राजू ने दलील दी कि आदेश में स्पष्ट त्रुटियां थीं और निचली अदालत ने महत्वपूर्ण साक्ष्यों की अनदेखी की तथा उन पर विचार नहीं किया।

राजू ने कहा कि रिकार्ड में इस बात के पर्याप्त साक्ष्य मौजूद थे कि आपराधिक साजिश रची गई थी, लेकिन निचली अदालत के न्यायाधीश मामले में साजिश होने के तथ्य को समझने में विफल रहे। आरोप तय करने के चरण में ही साक्ष्यों की महत्ता पर टिप्पणी कर-के निचली अदालत ने गलती की।

हाई कोर्ट ने सीबीआइ की पुनरीक्षण याचिका की सुनवाई योग्य होने के पहलू पर आप नेताओं सहित प्रतिवादियों की दलीलें सुनने के लिए मामले को नौ और 10 दिसंबर को सूचीबद्ध किया है। प्रतिवादियों ने सीबीआइ की पुनरीक्षण याचिका की सुनवाई योग्य होने पर आपत्ति जताई है। हाई कोर्ट दिल्ली शराब घोटाला मामले में केजरीवाल, सिसोदिया और अन्य को आरोपमुक्त करने के फैसले को चुनौती देने वाली सीबीआइ की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। निचली अदालत ने 27 फरवरी को शराब नीति मामले में केजरीवाल, सिसोदिया और 21 अन्य को आरोपमुक्त कर दिया था।

'एफसीआरए लाइसेंस रद्द करने का केंद्र का फैसला गलत धारणा पर आधारित'

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 26 नवंबर।

दिल्ली हाई कोर्ट ने गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) 'सोशियो लीगल इंफार्मेशन सेंटर' (एसएलआइसी) के एफसीआरए लाइसेंस को रद्द करने के केंद्र सरकार के फैसले को गुरुवार को निरस्त कर दिया। अदालत ने कहा कि एनजीओ के खिलाफ 'आक्रामक सरकार-विरोधी राजनीतिक गतिविधियों' में शामिल होने का आरोप किसी भी ठोस सामग्री पर आधारित नहीं है। एफसीआरए लाइसेंस रद्द करने का केंद्र का फैसला गलत धारणा पर आधारित, असमर्थनीय और गैर-कानूनी होने के साथ-साथ जरूरत से ज्यादा कठोर था।

न्यायमूर्ति अनूप जयराम भंभानी ने कहा कि रिकार्ड में उपलब्ध सामग्री में अदालत ऐसी कोई भी ठोस सामग्री नहीं देख पा रही है, जिसके आधार पर यह कहा जा सके कि याचिकाकर्ता की गतिविधियां देश की संप्रभुता, अखंडता या सुरक्षा, अथवा जनहित पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती हैं। प्रतिवादी (केंद्र) का यह आरोप कि याचिककर्ता 'आक्रामक सरकार-विरोधी राजनीतिक गतिविधियों' में शामिल रहा है।



आक्रोश नई दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान नेहा बोरा व अन्य लोग।

छठ पूजा पर आपत्तिजनक टिप्पणी का मामला

यश माहेश्वरी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 26 नवंबर।

दिल्ली पुलिस ने बिहार की महिलाओं और छठ पूजा से जुड़ी धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी वाले वीडियो को लेकर हास्य कलाकार यश माहेश्वरी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दक्षिण दिल्ली के साकेत थाने में उस 'स्टैंड-अप' कामेडी कार्यक्रम के खिलाफ शिकायत मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई, जिसमें माहेश्वरी ने प्रस्तुति दी थी।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि 24 नवंबर को साकेत स्थित एक कामेडी क्लब में आयोजित कार्यक्रम के दौरान आपत्तिजनक टिप्पणियां की गईं। शिकायतकर्ता और एक राजनीतिक दल के नेता नीलोत्पल मृणाल पांडे ने वीडियो रिकार्डिंग, सोशल मीडिया पोस्ट और अन्य डिजिटल साक्ष्यों की जांच करने की मांग की है। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की अलग-अलग धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। हालांकि प्राथमिकी में हास्य कलाकार का नाम नहीं है।

पांडेय ने शिकायत में माहेश्वरी के खिलाफ छठ पर्व और महिलाओं के सिंदूर लगाने को लेकर अभद्र टिप्पणी पर प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध किया है।

संविधान दिवस पर राजधानी में कई संगठनों ने किया प्रदर्शन

संविधान बचाने के संकल्प के साथ सड़क पर उतरे लोग

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 26 नवंबर।

संविधान दिवस पर दिल्ली में कई संगठनों के प्रदर्शन हुए। किसी ने दिल्ली मार्च का नाम दिया तो किसी ने संविधान बचाओ के नारे लगाए । मतदाता सूचियों के एसआइआर को लेकर चिंता जताई। पीपल्स अगेंस्ट एसआइआर ने ज्ञानेश कुमार फिर इस्तीफा मांगा और 'एसआइआर रद्द करो' के नारे लगाए।

प्रदेश कांग्रेस ने भी एसआइआर की 'अनियमितताओं' के खिलाफ प्रदर्शन किया और मतदान के अधिकार की सुरक्षा की मांग की। एनएसयूआई ने निकाली संविधान बचाओ रैली, एनएसयूआइ अध्यक्ष ने भी शिरकत की। युवा कांग्रेस ने आयोजित किया 'कलर्स आफ कांसटीट्यूशन' कार्यक्रम का आयोजन कर नौ विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया।

'स्टूडेंट्स फेडरेशन आफ इंडिया' (एसएफआइ) ने मंदिर मार्ग पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ मार्च निकाला और मतदाता सूचियों के एसआइआर को रद्द करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने दिल्ली स्थित जंतर मंतर को फिर से आधिकारिक विरोध स्थल के रूप में अधिसूचित किए जाने की मांग भी की। एनएसयूआइ ने डीयू के उतरी परिसर में संविधान बचाओ मार्च निकाला। यह मार्च पटेल चेस्ट से प्रारंभ होकर कला संकाय के गेट तक आया। संगठन के प्रवक्ता रवि पांडेय ने कहा, एनएसयूआइ संवैधानिक मूल्यों और लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने वाले हर प्रयास के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करती रहेगी। युवा कांग्रेस ने आयोजित किया 'कलर्स आफ कांसटीट्यूशन' कार्यक्रम का आयोजन कर नौ विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया। पेंटिंग एवं भाषण प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं में संवैधानिक जागरूकता, लोकतांत्रिक मूल्यों और रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित किया। युवा कांग्रेस के प्रभारी मनीष शर्मा एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नौ विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

मताधिकार की सुरक्षा की मांग को लेकर कांग्रेस ने निकाला मार्च

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 26 नवंबर।

कांग्रेस की दिल्ली इकाई ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) में अनियमितताओं के खिलाफ 'संविधान रक्षा मार्च' निकाला और मताधिकार की सुरक्षा की मांग की।

कांग्रेस ने संविधान दिवस के अवसर पर हर प्रदेश में यह मार्च निकालने का फैसला किया है। दिल्ली में यह मार्च दोपहर करीब 12.15 बजे सिविल लाइंस स्थित ट्रामा सेंटर के सामने चंदगी राम अखाड़े से शुरू हुआ। इसमें शामिल पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां और पोस्टर लेकर भाजपा तथा निर्वाचन आयोग के खिलाफ नारेबाजी की।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि जीवित मतदाताओं के नाम उन्हें मृत दिखाकर हटाना अलोकतांत्रिक है। एसआइआर प्रक्रिया के तहत वैध मतदाताओं के नाम सूचियों से बाहर किए जाने को लेकर गंभीर चिंताएं हैं और सूची से 47.56 लाख नाम गायब हैं।

पुलिस पाबंदी के बीच सड़कों पर किसानों ने किया प्रदर्शन

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 26 नवंबर।

किसान संघर्ष की छठी वर्षगांठ पर गुरुवार को किसान दिल्ली की दहलीज पर फिर लौटे और पुलिस पाबंदी के बीच सड़क पर उतर कर प्रदर्शन किया।

सरकार पर वायदाखिलाफी का आरोप लगाया। दिल्ली में, विरोध मार्च की अनुमति को लेकर दिल्ली पुलिस ने अनुमति नहीं दी। वे जंतर मंतर नहीं पहुंच सके। हालांकि किसानों ने मंदिर मार्ग में शांतिपूर्ण विरोध मार्च निकाला। जंतर मंतर की ओर मार्च कर रहे किसानों को पुलिस ने बिड़ला मंदिर के पास रोक दिया।

इससे पहले प्रदर्शनकारी किसानों को एसकेएम नेताओं ने कालीबाड़ी के पास सम्बोधित किया. बाद में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त जगदेव सिंह को वरिष्ठ किसान नेताओं युद्धवीर सिंह, पुरुषोत्तम शर्मा और रेवुला वेंकैया से देश के राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। सभा को किसान नेताओं में पी कृष्णप्रसाद, राजन क्षीरसागर, गौरव टिकैत व अन्य ने संबोधित किया।

इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड
नवरत्न कम्पनी
(भारत सरकार का उपक्रम)
पंजीकृत कार्यालय : सी-4, डिस्ट्रिक्ट सेन्टर, साकेत, नई दिल्ली-110017, भारत
टेलीफोन नं.: +91-11-26530266, फैक्स: +91-11-26854000, वेबसाईट: www.ircon.org, ई-मेल: investors@ircon.org
CIN : L45203DL1976GOI008171

फिजिकल सिक्योरिटीज के ट्रांसफर और डीमटेरियलाइजेशन के लिए स्पेशल विंडो

दिनांक 30 सितम्बर, 2026 को प्रकाशित हमारे समाचार पत्र विज्ञापन के संदर्भ में, शेयरहोल्डर्स को यह पुनः सूचित किया जाता है कि सेबी सर्कुलर नंबर HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 दिनांक 30 जनवरी, 2026 (कंपनी की वेबसाइट www.ircon.org पर अपलोड) के अनुसार, फिजिकल सिक्योरिटीज के ट्रांसफर और डीमटेरियलाइजेशन को आसान बनाने के लिए 5 फरवरी, 2026 से 4 फरवरी, 2027 तक एक वर्ष के समय के लिए एक स्पेशल विंडो खोली गई है।

यह स्पेशल विंडो उन फिजिकल शेयरों के ट्रांसफर और डीमैट के लिए उपलब्ध है जो 1 अप्रैल, 2019 से पहले बेचे/खरीदे गए थे। इसके अलावा, यह सुविधा उन ट्रांसफर रिक्वेस्ट के लिए भी उपलब्ध है जो पहले जमा की गई थी और डॉक्यूमेंट्स/प्रोसेस में कमी/या किसी और वजह से रिजेक्ट/वापस कर दी गई थीं/उन पर ध्यान नहीं दिया गया था।

शेयरधारकों से अनुरोध है कि स्पेशल विंडो की एलीजेबिलिटी को समझने के लिए नीचे दिया गया मैट्रिक्स देखें:

ट्रांसफर डीड की निष्पादन तिथि	क्या अप्रैल 01, 2019 से पहले ट्रांसफर हेतु दर्ज किया गया?	क्या मूल सिक्योरिटी सर्टिफिकेट उपलब्ध है?	क्या मौजूदा विंडो में दर्ज करने हेतु पात्र है?
1 अप्रैल, 2019 से पूर्व	नहीं (यह नया दर्ज किया जा रहा है)	हाँ	हाँ
1 अप्रैल, 2019 से पूर्व	हाँ (यह पहले निरस्त/वापिस हो चुका है)	हाँ	हाँ
1 अप्रैल, 2019 से पूर्व	हाँ	नहीं	नहीं
1 अप्रैल, 2019 से पूर्व	नहीं	नहीं	नहीं

कृपया ध्यान दें कि जिन अनुरोध के साथ मूल सिक्योरिटी सर्टिफिकेट, ट्रांसफर डीड और दूसरे सपोर्टिंग डॉक्यूमेंट्स होंगे, उन पर ही स्पेशल विंडो के तहत विचार किया जाएगा।

इसके अलावा, निम्नलिखित मामलों पर विंडो के तहत विचार नहीं किया जाएगा:

- ट्रांसफर करने वाले और ट्रांसफरी के बीच झगड़े वाले मामलों पर इस विंडो में विचार नहीं किया जाएगा और इन्हें ट्रांसफर करने वाले और ट्रांसफरी कोर्ट/एनसीएलटी फ्रोसेस के जरिए सुलझा सकते हैं।
- जो सिक्योरिटीज इन्वेस्टर एजुकेशन एंड प्रोटेक्शन फंड (आईईपीएफ) में ट्रांसफर की गई हैं, उन पर इस विंडो के तहत प्रोसेसिंग के लिए विचार नहीं किया जाएगा।

ऊपर बताई गई तरह से ट्रांसफर की गई सिक्योरिटीज को जरूरी तौर पर ट्रांसफरी को सिर्फ डीमैट मोड में क्रेडिट किया जाएगा और ट्रांसफर के रजिस्ट्रेशन की तिथि से 1 वर्ष का लाक-इन पीरियड लागू होगा।

योग्य शेयरधारक अपने ट्रांसफर अनुरोध आवश्यक दस्तावेजों के साथ कंपनी के इश्यू हेतु रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) को अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड, अलंकित हाउस, 4ई/2 झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055, संपर्क: +91-11-42541234, +91-11-42541957, ई-मेल आईडी: rta@alankit.com पर जमा कर सकते हैं।

इसके अतिरिक्त, कंपनी के शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे कंपनी से समय पर और प्रभावी संचार सुनिश्चित करने के लिए अपने कंपाईसी विवरण, ईमेल पते, बैंक मैंडेट और संपर्क जानकारी, जिसमें ईमेल पते का पंजीकरण भी शामिल है, को अपडेट करें।

कृते इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड
हस्ता/-
प्रतिभा अग्रवाल
कम्पनी सचिव

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 26 नवम्बर, 2026

इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड
नवरत्न कम्पनी
(भारत सरकार का उपक्रम)
पंजीकृत कार्यालय : सी-4, डिस्ट्रिक्ट सेन्टर, साकेत, नई दिल्ली-110017, भारत
टेलीफोन नं.: +91-11-26530266, फैक्स: +91-11-26854000, वेबसाईट: www.ircon.org, ई-मेल: investors@ircon.org
CIN : L45203DL1976GOI008171

कम्पनी के भुगतान न किये गये लाभांश/इक्विटी शेयरों के निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि (आईईपीएफ) प्राधिकरण को हस्तांतरण हेतु सूचना

यह नोटिस कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 124(6) के प्रावधानों के अनुसार प्रकाशित किया गया है, जिसे कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा अधिसूचित निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण (लेखा, लेखा परीक्षा, हस्तांतरण और वापसी) नियम, 2016, समय-समय पर संशोधित ("नियम"), के साथ पढ़ा जाये, जिसके अनुसार यह आवश्यक है कि जिन शेयरों के संबंध में लगातार सात वर्षों या उससे अधिक समय तक लाभांश का भुगतान या दावा नहीं किया गया है, उन्हें निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि (आईईपीएफ) प्राधिकरण में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। इसके अलावा, संशोधित आईईपीएफ नियमों के अनुसार, सभी भुगतान न किए गए या दावा न किए गए लाभांश का पूरा विवरण कंपनी की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है।

कंपनी ने उन शेयरधारकों को उनके नवीनतम उपलब्ध पतों पर व्यक्तिगत संचार भेजा है जिनके शेयर उक्त नियमों के तहत आईईपीएफ में स्थानांतरित किए जा सकते हैं ताकि वे वित्त वर्ष 2019-20 (अंतरिम लाभांश) से देय अदावाकृत लाभांशों का दावा कर सकें। वित्त वर्ष 2019-20 के लिए अंतरिम लाभांश जिसका दावा नहीं किया गया है/भुगतान नहीं किया गया है वह भी आईईपीएफ में स्थानांतरित किया जा सकता है। ऐसे शेयरधारकों का पूरा विवरण कंपनी की वेबसाइट www.ircon.org पर भी अपलोड किया गया है।

यदि हमें उपरोक्त संचार के अनुसार 15.02.2027 तक आपका दावा प्राप्त नहीं होता है, तो आपके सभी शेयर (चाहे भौतिक या इलेक्ट्रॉनिक रूप में हो) कंपनी द्वारा कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा समय-समय पर जारी अधिसूचनाओं/परिपत्रों के अनुसार, बिना किसी अन्य सूचना के, स्थानांतरण की नियत तिथि से 30 दिनों के भीतर आईईपीएफ प्राधिकरण के डीमैट खाते में स्थानांतरित कर दिए जाएंगे।

शेयरधारक कृपया ध्यान दें कि आईईपीएफ प्राधिकरण के डीमैट खाते में जमा किए गए लाभांश और उसके शेयरों के संबंध में कंपनी के विरुद्ध कोई दावा नहीं किया जाएगा और आईईपीएफ प्राधिकरण को शेयरों के ऐसे हस्तांतरण के बाद, भविष्य के सभी लाभ, जिनमें भविष्य के लाभांश शामिल हैं, आईईपीएफ प्राधिकरण में जमा किए जाएँगे। कृपया ध्यान दें कि उपर्युक्त स्थानांतरण के बाद, आईईपीएफ प्राधिकरण से धनवापसी का दावा केवल उपरोक्त नियमों के प्रावधानों का पालन करके ही किया जा सकता है और इस संबंध में कंपनी की वेबसाइट पर निवेशक अनुभाग में लिंक दिया गया है। यदि इस संबंध में आपके कोई प्रश्न हैं या किसी सहायता की जरूरत है, तो कृपया निम्नलिखित से संपर्क करें:

कम्पनी संपर्क विवरण	आरटीए संपर्क विवरण
कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी/ आईईपीएफ हेतु नोडल अधिकारी इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड पता- सी-4, डिस्ट्रिक्ट सेन्टर, साकेत, नई दिल्ली-110017 टेलीफोन- +91-11-26530266 ईमेल- investors@ircon.org वेबसाइट- www.ircon.org	श्री रमेश खटुआ अलंकित एसाइनमेंट्स लिमिटेड पता- अलंकित हाउस, 4ई/2 झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली- 110055 टेलीफोन- +91-11-42541234, +91-11-42541957 ईमेल- rta@alankit.com वेबसाइट- www.alankitassignments.com

कृते इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड
हस्ता/-
प्रतिभा अग्रवाल
कम्पनी सचिव

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 26.11.2026

सदस्यों से अपील

हम सदस्यों से अनुरोध करते हैं कि वे कंपनी के रजिस्ट्रार टू एन इश्यू एंड शेयर ट्रांसफर एजेंट या संबंधित डीपी के पास अपना ई-मेल आईडी/बैंक मैंडेट/मोबाइल नंबर पंजीकृत कराएं ताकि कंपनी से वार्षिक रिपोर्ट/लाभांश संबंधी संचार (यदि कोई हो) और अन्य पत्राचार ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त हो सके।

बदलाव

बस्तर से निकलकर मेले में दिखा रहे हुनर

नक्सली क्षेत्र से व्यापार मेले तक पहुंचे कारीगर

अनामिका सिंह
नई दिल्ली, 26 नवंबर।

नक्सल प्रभावित क्षेत्र बस्तर से निकलकर कई कारीगर 45वें अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले (ट्रेड फेयर) में अपनी कारीगरी का हुनर दिखा रहे हैं। हाल नंबर 6 में खादी एवं ग्रामोद्योग मंडप में बस्तर से आए केशव कुमार ने बताया कि वे दंतेवाड़ा के जंगलों में शहतूत के पेड़ों से प्राप्त कोकून से टसर सिल्क तैयार करते हैं और हाथों से साड़ियां बनाते हैं।

इसके अलावा सूती साड़ियां भी बनाई जाती हैं ताकि सभी लोगों के बजट में साड़ियों को हम उपलब्ध करवा पाएं। हमारा क्षेत्र नक्सल प्रभावित जरूर है लेकिन अब काफी बदलाव आया है। उन्होंने बताया कि जंगल के आदिवासी अब कोकून को तोड़कर लाते हैं और साप्ताहिक बाजारों में उसे बेचने का काम करते हैं। छत्तीसगढ़ सरकार के माध्यम से भी आदिवासी सिल्क के धागों को बेचने का काम कर रहे हैं। यह कहानी सिर्फ केशव की नहीं, बल्कि यहां आए बस्तर के हर कारीगर की है जो मुख्यधारा में खुद को जोड़ना चाहता है।



बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले राज्यों की श्रेणियों में तमिलनाडु ने जीता स्वर्ण पदक, केरलम को मिला रजत तो कांस्य पुरस्कार मध्य प्रदेश व त्रिपुरा को प्रशंसा पुरस्कार मिला।

इस दौरान खादी एवं ग्रामोद्योग के अध्यक्ष मनोज कुमार गोयल ने कहा कि खादी मंडप में दर्जनों बस्तर के नक्सल प्रभावित इलाके से लोग अपने उत्पादों को बेचने व्यापार मेले में आए हुए हैं। नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ के तहत आदिवासी कारीगर लगातार खादी से जुड़ रहे हैं और रोजगार के नए-नए स्रोत पैदा कर रहे हैं।

वहीं खादी पवेलियन में अहमदाबाद से आई चंद्रिका कई औषधियों को लेकर आईं हैं, जिन पर वर्षों का शोध किया गया है। उन्होंने बताया कि उनके 'लिब्रिड बाम' से साइनस, अस्थमा, खर्राटें, सर्दी जुकाम तक ठीक हो जाता है। वो इस व्यवसाय में पिछले 15 वर्षों से लगी हुई हैं। वहीं गुरुवार को व्यापार मेला खत्म होने से एक दिन पहले ही भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन (आइटीपीओ) ने अलग-अलग श्रेणियों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत किया। जहां बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले राज्यों की श्रेणियों में तमिलनाडु ने जीता स्वर्ण पदक, केरलम को मिला रजत तो कांस्य पुरस्कार मध्य प्रदेश व त्रिपुरा को प्रशंसा पुरस्कार मिला।

विषय आधारित प्रस्तुति में पंजाब को स्वर्ण, ओड़ीशा को रजत, कर्नाटक को कांस्य व गुजरात को प्रशंसा पुरस्कार मिला। जबकि बिहार, महाराष्ट्र, राजस्थान व यूपी को साझेदार राज्य व असम, दिल्ली, झारखंड और पश्चिम बंगाल को 'फोकस राज्य' के रूप में सम्मानित किया गया।

